## बिहार सरकार

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

## आदेश

**संख्या – वि० प्रा० (II) स्था०–03/2025/** 3941 **/पटना, दिनांक –** 21.07.25

विभागीय आदेश ज्ञापांक–626, दिनांक–06.02.2025 द्वारा श्री अशोक कुमार एवं श्री सुधीर कुमार सुधांशु, सहायक प्राध्यापक (गणित), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल को बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के अंतर्गत पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय, पटना ने सहायक प्राध्यापक गणित के पद पर योगदान करने हेतु आदेश निर्गत तिथि से बिना गहनाधिकार विरमित किया गया था।

प्राचार्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल के पत्रांक–171, दिनांक–11.02.2025 के माध्यम से श्री अशोक कुमार एवं श्री सुधीर कुमार सुधांशु, सहायक प्राध्यापक (गणित), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल की स्वीकृत त्याग पत्र को वापस लिये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

तदालोक में श्री अशोक कुमार एवं श्री सुधीर कुमार सुधांशु, सहायक प्राध्यापक (गणित), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल द्वारा प्राचार्य के माध्यम से किये गये अनुरोध के आलोक में बिहार सेवा संहिता की सेवा संबंधी विषयों की मार्गदर्शिका की कंडिका–4(2) में निहित प्रावधान के अधीन श्री अशोक कुमार एवं श्री सुधीर कुमार सुधांशु सहायक प्राध्यापक (गणित), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल का त्याग पत्र वापस किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विभागीय आदेश ज्ञापांक–626, दिनांक–06.02.2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाय एवं शेष बातें यथावत रहेंगी।

3. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक – वि० प्रा० (II) स्था०–03/2025/** 3941 **/पटना, दिनांक –** 21.07.25

**प्रतिलिपि–** प्रभारी पदाधिकारी वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जिला अरवल/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल/श्री अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक (गणित)/श्री सुधीर कुमार सुधांशु सहायक प्राध्यापक (गणित)/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/आई.टी. मैनेजर (अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

नीरज/17.07.25/ D:\DST-2025\JOINT SECRETARY_K. Sidharth\AADESH